जन संपर्क एवं मीडिया समन्वयक कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति 26 जनवरी 2019

जामिया मिल्लिया में जोश-ओ-खरोश से मनाया गया गणत्रंत दिवस

जामिया मिल्लिया इस्लामिया में आज देश का 70 वां गणतंत्र दिवस बहुत ही जोश-ओ-खरोश से मनाया गया। विश्वविद्यालय की परंपरा के मुताबिक गणतंत्र दिवस समारोह जामिया के स्कूलोें के छात्रों ने संचालित किया और उन्हीं की ओर से सारे कार्यक्रम पेश किए गए। यह कार्यक्रम जामिया सीनियर सेकण्डरी स्कूल में किया गया जिसमें विश्वविद्यालय और उसके सभी स्कूलों के छात्रों, अध्यापकों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। गणतंत्र दिवस मनाने की जामिया की रिवायत के अनुसार विश्वविद्यालय के आस पास की आबादी ने भी इसमें शिरकत की।

देश भक्ति से ओत प्रोत इस समरोह में जामिया के स्कूलों के नर्सरी से लेकर बारहवीं तक की कक्षाओं के बच्चों ने समा बांध दिया। सबसे ज्यादा वाह वाही नर्सरी स्कूल के छात्रोें ने बंटोरी। उन्होंने देश की विविधता में एकता के पैग़ाम को बहुत ही खूबसूरती के साथ पेश किया।

कार्यक्रम की शुरूआत जामिया मिल्लिया के रजिस्ट्रार ए. पी. सिद्दीक़ी: आईपीएस: द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई।

गणतंत्र दिवस मनाने के लिए एकत्र लोगों को संबोधित करते हुए ए. पी. सिद्दीक़ी ने कहा जामिया को अल्पसंख्यक दर्जा इस लिए मिला है कि ताकि अल्पसंख्यक अपनी संस्कृति, भाषा और अपनी जड़ों को बनाए रखने के साथ ही देश की मुख्यधारा में शामिल होकर अपने मुल्क और क़ौम दोनों तरक़्क़ी में बराबर के साझीदार बनें।

उन्होंने कहा कि जामिया विश्वविद्यालय अपने स्कूलों का शिक्षा सहित हर क्षेत्र के स्तर को आगे बढ़ाने में हमेशा प्रयासरत रहता है, क्योंकि वह इस बात में विश्वास करता है कि शिक्षा, देश भक्ति और अच्छे इंसान बनने की जड़ें स्कूल के स्तर से ही ज़मीन पकड़ती हैं।

ए. पी. सिद्दीक़ी ने बताया कि जामिया ने अपने स्कूलों की प्रयोगशालाओं और खेल का स्तर और अधिक सुधारने के लिए हाल ही में 50 लाख रूपयों का आवंटन किया है। उन्होंने कहा कि अपने स्कूलों का स्तर लगातार सुधारते रहने की जामिया की कोशिशों की वजह से वे आज किसी पब्लिक स्कूल से कम नहीं हैं।

जामिया सीनियर सेकण्डरी स्कूल के प्रिंसपल मुजफ्फर हसन ने कहा कि छात्रों को आधुनिक तकनीक का सही ज्ञान और दिशा पाने के लिए इस्तेमाल करना चाहिए।

अहमद अज़ीम
जनसंपर्क अधिकारी एवं मीडिया संयोजक


جامعہ ملیہ اسلامیہ
जामिया मिल्लिया इस्लामिया
Jamia Millia Islamia
A Central University
( NAAC Accredited 'A' Grade )
70TH REPUBLIC DAY CELEBRATION
26 January 2019
Jamia Millia Islamia, New Delhi
COURTESY:- JAMIA


جامعہ ملیّہ اسلامیہ
जामिया मिलिया इस्लामिया
Jamia Millia Islamia
A Central University
( NAAC Accredited 'A' Grade )
70TH REPUBLIC DAY CELEBRATION
26 January 2019
Jamia Millia Islamia, New Delhi
COURTESY:- JAMIA SENIOR SECONDARY SCHOOL


Jamia Millia Islamia
A Central University
C Accredited 'A' Grade )
جامعہ ملیّہ اسلامیہ
जामिया मिल्लिया इस्लामिया
RATION
70TH REPUBL
26 Jan
Delh
Jamia Millia Isl
Y SCHOO
COURTESY:- JAMIA SEN
JMI


Jamia Millia Islamia
A Central University
( NAAC Accredited 'A' Grade )
2019
New Delhi
PRIYA


جامعہ ملیہ اسلامیہ
Jamia Millia Islamia
A Central University
( NAAC Accredited 'A' Grade )


جامعہ ملیّہ اسلامیہ
Jamia Millia Islamia
A Central University
( NAAC Accredited 'A' Grade )